आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियाँ ज़ोरो पर। प्रशासन ने यातायात के दिशा–निर्देश जारी किए।
2. राज्यसभा में चुनाव सुधारों को लेकर चर्चा शुरू हुई। ई वी एम को लेकर विपक्ष के दावे पर सरकार ने कहा कि यह व्यवस्था कांग्रेस के शासन में ही शुरू हुई थी।
3. इंडिगो ने संचालन बाधा से प्रभावित यात्रियों के लिए राहत की घोषणा की।
4. राज्य स्तरीय एस जी एफ आई अंडर–14 शतरंज चयन ट्रायल कल जी एस एस एस मोहनपुरा में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 13 दिसंबर को शाम साढ़े तीन बजे राजधानी श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम चिन्मय मिशन के अध्यक्ष स्वामी शुद्धानंद सरस्वती, के मार्गदर्शन में हो रहा है। आर एस एस के सौवें स्थापना वर्ष के अवसर पर यह सम्मेलन विशेष महत्व रखता है। डॉ. मोहन भागवत सर–संघचालक के रूप में द्वीप समूह में पहली बार आ रहे हैं। इस अवसर पर वह सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम आर एस एस के सौ वर्ष पूरे होने के साथ साथ सेल्युलर जेल में वीर सावरकर द्वारा लिखित गीत के एक सौ पन्द्रह वर्ष, वन्दे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देने के बाद होगी। पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण YouTube चैनल पर किया जाएगा। भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए यातायात की व्यापक व्यवस्था की गई है। दोपहिया वाहनों की पार्किंग स्टेडियम स्विमिंग पूल के पास होगी जबकि चौपहिया वाहनों की पार्किंग गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल एवं JNRM कॉलेज के पास होगी। बस से आने वाले मरीना पार्क के पास स्विमिंग पूल गेट से प्रवेश करेंगे। समिति ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम प्रारंभ हाने से 30 मिनट पहले अपने स्थान ग्रहण कर लें। प्रेस वार्ता में आज स्वामी शुद्धानंद जी ने कहा कि....

<><><><><><><>

संसद में आज लिखित उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस साल जनवरी से तीन करोड़ से अधिक संदिग्ध यूजर आईडी अकाउंट जिन्हें रेलवे टिकट बुकिंग के लिए उपयोग किया जा रहा था, उनको निष्क्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे का रिजर्वेशन टिकट बुकिंग सिस्टम सुरक्षित और अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा नियंत्रणों से लैस एक मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म है। रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे ने टिकट रिजर्वेशन सिस्टम के प्रदर्शन और सामान्य एवं तात्कालिक टिकट की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

<><><><><><><>

राज्यसभा में चुनाव सुधारों के बारे में आज चर्चा शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता सुंधाशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान राजनीतिक दलों को नकद चंदे की सीमा बीस हजार से घटाकर दो हजार कर दी गई। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड से चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता आई है। ईवीएम को लेकर विपक्ष के दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल के दौरान ही ईवीएम व्यवस्था शुरू की गई थी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ने जानकारी दी है कि कल से 14 दिसंबर के बीच अति विशिष्ट अतिथियों के निर्धारित दौरे के अवसर पर कई मार्गों पर अस्थायी रूप से यातायात प्रभावित रहेगा। आज रात 9 बजे से 10 बजे तक वी आई पी रोड, एयरपोर्ट मार्ग और डॉलीगंज रोड पर आवाजाही सीमित रहेगी। कल सुबह 9:30 बजे से रात 8 बजे तक वीआईपी रोड, नेताजी स्टेडियम मार्ग, मरीना पार्क रोड, पुलिस लाइन्स, एयरपोर्ट रोड, डॉलीगंज, भातुबस्ती रोड और चिड़ियाटापु रोड पर यातायात नियंत्रित रहेगा। 13 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक डॉलीगंज, एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड, नेताजी स्टेडियम और मरीना पार्क रोड पर प्रतिबंध लागू होगा। 14 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे से डेढ़ बजे तक डॉलीगंज रोड, एयरपोर्ट रोड और वीआईपी रोड पर आवागमन सीमित रहेगा। आपातकालीन सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गराचरमा से अबरडीन बाज़ार की ओर जाने वाले आपातकालीन वाहन अट्टमपहाड़–डॉलीगंज मार्ग का उपयोग करेंगे, जबकि अन्य आपातकालीन वाहनों को आवश्यकता पड़ने पर प्रतिबंधित मार्गों से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे यातायात संबंधित निर्देशों का पालन करें और सहयोग दें।

<><><><><><><>

इंडिगो ने इस महीने की तीन, चार और पांच तारीख को हुई संचालन बाधा के कारण प्रभावित यात्रियों के लिए दस हजार रुपये मुआवजे की घोषणा की है। एयरलाइन ने बताया कि यह मुआवजा ट्रैवल वाउचर के रूप में दिया जाएगा, जिसे अगले 12 महीनों में किसी भी IndiGo फ्लाइट के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। एयरलाइन

ने यह भी कहा कि सरकारी दिशा–निर्देशों के तहत निर्धारित मुआवजे के अलावा, जिन यात्रियों की उड़ानें 24 घंटे के भीतर रद्द की गई, उन्हें उड़ान के ब्लॉक समय के आधार पर पांच हजार से दस हजार रुपये तक अतिरिक्त मुआवजा भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय राष्ट्रीय साहित्य मंत्रालय के तमिल विभाग द्वारा आज महाकवि सुब्रमण्यम भारतीयार की जयंती और भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित करना और साहित्य, सामाजिक सुधार तथा राष्ट्र जागरण में भारतीयार के अमूल्य योगदान को सम्मान देना था। कार्यक्रम में तमिल विभाग के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ अन्य विभागों के शिक्षार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जे एन आर एम की प्रिंसिपल डॉ. पर्ल देवदास ने अपने संबोधन में भारतीयार के निडर चिंतन, समानता के लिए उनके प्रयासों और शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने की उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। छात्रों ने कविता पाठ, प्रस्तुतियों और भाषाई विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के शिक्षा निदेशालय द्वारा कल GSSS मोहनपुरा में राज्यस्तरीय SGFI U–14 शतरंज चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। ट्रायल के लिए जो खिलाड़ी ज़ोनल–स्तरीय चयन में सफल हुए हैं, वे सभी भाग ले सकते है। उन्हें अंतिम चयन ट्रायल के लिए सुबह साढ़े आठ बजे तक निर्धारित स्थान पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस ट्रायल के माध्यम से U–14 लड़कों और लड़कियों की टीमों का चयन किया जाएगा, जो अगले वर्ष 13 से 17 जनवरी तक रांची में आयोजित होने वाले उन्हत्तरवें राष्ट्रीय स्कूल खेल शतरंज U–14 चैम्पियनशिप में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>